दिन– मंगलवार दिनांक– 14 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को प्रत्येक मौसम और जलवायु अनुकूल बनाने के लिए आज मिशन मौसम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय मौसम विभाग के एक सौ पचासवें स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन मौसम एक स्थायी और भविष्य के लिए तैयार राष्ट्र के निर्माण की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। श्री मोदी ने विभाग की डेढ सौ वर्ष की यात्रा की प्रशंसा करते हुए इसे देश में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी का एक गौरवशाली अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग लाखों भारतीयों की सेवा करते हुए भारत की वैज्ञानिक प्रगति का प्रतीक बन गया है। प्रधानमंत्री ने मौसम विभाग के डेढ सौ वर्ष पूरे होने पर एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। उन्होंने आईएमडी विज़न–दो हजार सैंतालीस दस्तावेज़ भी जारी किया। इसमें मौसम पूर्वानुमान, मौसम प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने की योजनाएँ शामिल हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में आज मकर संक्रांति का त्योहार पारम्परिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालु गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों और सरोवरों में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि श्रद्धालु पवित्र स्नान के बाद पूजा–पाठ कर दान–पुण्य कर रहे हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार आज सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते ही उत्तरायण हो गए हैं। साथ ही आज से खरमास भी समाप्त हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मकर संक्रांति के अवसर पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

प्रयागराज महाकुंभ में मकर संक्रांति अमृत स्नान के दौरान आज दोपहर बारह बजे तक एक करोड़ साठ लाख से अधिक लोगों ने त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि अनुष्ठान सुचारू रूप से चल रहे हैं। लाखों श्रद्धालु और संत अमृत स्नान में शामिल हो रहे हैं। पवित्र स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाटों पर पूजा–अर्चना और अनुष्ठान किए। साथ ही उन्होंने दान–पुण्य भी किया।

---

प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखा जा रहा है। आज सुबह से राज्य के अधिकतर हिस्सों में कुहासे की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटो के दौरान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद तापमान में गिरावट आयेगी।

---

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में आठ वर्षों के बाद बिहार की झांकी दिखेगी। सूचना और जनसंपर्क विभाग के मंत्री महेश्वर हजारी ने बताया कि स्वर्णिम भारत–विरासत और विकास की थीम पर बिहार की झांकी को रक्षा मंत्रालय ने मंजूरी दी है।

---

गया के तपोवन में मकरसंक्रांति के अवसर पर आज से तीन दिवसीय तपोवन महोत्सव की शुरूआत हुई। महोत्सव का उद्‌घाटन केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने किया। महोत्सव के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

---

पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार ने चार पुलिसकर्मियों को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। निलंबित पुलिसकर्मियों पर ड्यूटी के समय सोने का आरोप है।

———————————————————————————

जमुई जिले के बरहट थाना क्षेत्र के भंडरा गांव में अपहृत नाबालिग को बरामद करने गई पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस घटना में दो दारोगा सहित सात पुलिसकर्मी घायल हो गए।

———————————————————————————

नालंदा जिले हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत कामता हॉल्ट के पास पुलिसकर्मियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर यात्री शेड से टकरा गई। इस घटना में लगभग एक दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

———————————————————————————

किशनगंज जिला आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

———————————————————————————

समाप्त